प्रेषक,

जिलाविद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद।

सेवामें,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
समस्त राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यलाय,
जनपद गाजियाबाद।

पत्रांक मा0 / 4499-500 /2024-25, दिनांक 05-08-2025

विषय— समस्त विज्ञान प्रतिभागिता में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाने हेतु कार्यशाला एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन सत्र 2025-26 विवरणिका विमोचन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप विदित है प्रति वर्ष विज्ञान आधारित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन विभाग एंव सरकार के अन्य आयामों द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये गये।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) तथाराष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (NCSM) के सहयोग से विज्ञान भारती द्वारा कक्षा 6 से 11 के विद्यार्थियो हेतु अनूठी विशिष्ट शैक्षिक योग्यता परीक्षा (प्रथम दो चरण ऑनलाइन तथा राज्य एवं राष्ट्रीय चरण ऑफलाइन माध्यम) आयोजित की जाती है। भारत के पारम्परिक और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में योगदान के बारे में विद्यार्थियो को जागरूक कर उनकी वैज्ञानिक अभिरूचि पहचान कर पोषित किया जाता है तथा DRDO, ISRO, CSIR, BARC, IITS, IISERS, NITSआदि प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं एवं प्रमुख अनुसंधान संस्थानों में 3 सप्ताह तक की सृजन व्यापक प्रशिक्षण-सह-इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाता है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 13 अगस्त, 2025 को प्रातः 11:30 बजे इन्द्रपस्थ इजिनीयरिंग कॉलेज प्लोट नम्बर 6 साइट-4 सूर्य नगर फलाई ओवर इण्डस्ट्रीयल एरिया गाजियाबाद में कार्यशाला एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन सत्र 2025-26 विवरणिका विमोचन सत्र आहूत किया जा रहा है। जिसमें जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों से एक विज्ञान शिक्षक को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन के फार्म भरने के लिए अपने कक्षा-6 से कक्षा-11 तक के विद्यार्थियों को VVM के समझाकर प्रेरित कर सकते है।

भवदीय,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद

पृ0सं0 मा0 / 4499-500 /2025-26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मण्डल मेरठ।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद